वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT
2018 - 2019

आईएसपीआरएल
ISPRL

इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व्स लिमिटेड
(ओ.आई.डी.बी. की पूर्ण स्वामित्व की सहायक कम्पनी)
पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार

Indian Strategic Petroleum Reserves Limited
(A wholly owned subsidiary of OIDB)
Ministry of Petroleum & Natural Gas, Govt. of India

विषय सूची / CONTENTS

क्रं.स. / No.	विषय / SUBJECT	पृष्ठ संख्या / PAGE NO.
1.	निदेशक मंडल **Board of Directors**	01 67
2.	निदेशकों की रिपोर्ट **Director's Report**	03 69
3.	स्वतंत्र लेखा–परीक्षक की रिपोर्ट **Independent Auditor's Report**	25 91
4.	भारत के नियंत्रक एवं महालेखा–परीक्षक की टिप्पणियां **Comments of Comptroller & Auditor General of India (C&AG)**	35 101
5.	सचिवालयीन लेखा–परीक्षा रिपोर्ट **Secretarial Audit Report**	39 105
6.	वार्षिक लेखे 2018–19 **Annual Accounts 2018-19**	45 111
7.	कॉरपोरेट सूचना और महत्वपूर्ण लेखा नीतियां **Corporate Information & Significant Accounting Policies**	62 128

निदेशक मंडल

श्री के.डी. त्रिपाठी	अध्यक्ष	(30.06.2018 तक)
डॉ० एम.एम. कुट्टी	अध्यक्ष	(18.07.2018 से)
श्री राजीव बंसल	निदेशक	(18.08.2017 से)
श्री संजय सुधीर	निदेशक	(21.02.2019 तक)
श्री आशीष चटर्जी	निदेशक	(14.11.2018 तक)
श्री दिवाकर नाथ मिश्रा	निदेशक	(14.11.2018 से)
श्री बी.एन. रेड्डी	निदेशक	(09.04.2019 से)
श्री एच.पी.एस. आहुजा	मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक	(02.06.2017 से)
श्रीमती किरन वासुदेवा	निदेशक	(31.08.2018 से)

मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक
श्री एच.पी.एस. आहुजा

कंपनी सचिव
श्री अरूण तलवार

सांविधिक लेखा परीक्षक
मैसर्स गोयल एडं गोयल
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स

बैंकर्स
कार्पोरेशन बैंक
एम–41, कनॉट सर्कस,
नई दिल्ली–110 001

पंजीकृत कार्यालय
301, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, तृतीय तल, बाबर रोड,
नई दिल्ली–110 001

प्रशासनिक कार्यालय
ओ.आई.डी.बी, भवन, तीसरी मंजिल, प्लॉट न. 2, सैक्टर – 73, नोएडा–201301, उ.प्र.
फोन : 91–120–2594661, फैक्स : 91–120–2594643
वेबसाईट : www.isprlindia.com
ई–मेल : isprl@isprlindia.com

विशाखापट्टनम् परियोजना कार्यालय
लोवागार्डन, एचएसएल फैब्रिकेशन यार्ड के पीछे,
गाँधीग्राम पोस्ट, विशाखापट्टनम्–530 005
फोन : 0891–2868000

मंगलौर परियोजना कार्यालय
चन्द्राहास नगर, कलावर पोस्ट, वाया बाजपे
मंगलूरू–574142, फोन : 0824–2881810

पादुर परियोजना कार्यालय
पीओ : पादुर, वाया कापू, जनपद उडुपी–574 106, कर्नाटक
फोन : 0820–2556817

निदेशकों की रिपोर्ट

सेवा में,
शेयरधारकगण,
इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व्स लिमिटेड

आपकी कंपनी का निदेशक मंडल 31 मार्च, 2019 को समाप्त वित्त वर्ष हेतु कंपनी के कार्यकरण के संबंध में 15वीं वार्षिक रिपोर्ट और उसके साथ लेखे का लेखा–परीक्षित विवरण तथा तत्संबंधी लेखा–परीक्षकों की रिपोर्ट को सहर्ष प्रस्तुत करता है।

वित्तीय परिणाम

31 मार्च, 2019 को समाप्त वित्त वर्ष हेतु आपकी कंपनी के वित्तीय परिणामों की मुख्य विशेषताएं निम्नानुसार हैं:

क्र.सं	विवरण	आंकड़े लाखों में	
		31 मार्च 2019 के अनुसार	31 मार्च 2018 के अनुसार
(क)	1 अप्रैल, के अनुसार प्रगतिधीन कार्य का प्रारंभिक शेष	1,55,373.12	1,52,106.27
(ख)	वर्ष के दौरान प्रचालन पूर्व व्यय	9,264.22	5,266.85
(ग)	अचल परिसंपत्तियों (पीपीई) में निवल वृद्धि	1,63,781.79	65.32
(घ)	निवल गैर–वर्तमान परिसंपत्तियां	12,919.37	13,597.40
(ड.)	निवल वर्तमान परिसंपत्तियां	(1,041.66)	724.76
(च)	संचित हानि/लाभ	(23,321.65)	(-)16,595.39
	कुल (क+ख+ग+घ+ङ+च)	**3,16,975.19**	**1,55,165.21**
	निवल गैर–वर्तमान परिसंपत्तियां {(i)-(ii)}	**12,919.37**	**13,597.40**
	(i) गैर–वर्तमान परिसंपत्तियां (दीर्घावधि ऋण और अग्रिम)	13,089.82	13,617.12
	(ii) गैर–वर्तमान देयताएं	170.45	19.68
	निवल वर्तमान परिसंपत्तियां {(i)-(ii)}	**(1,041.66)**	**724.76**
	(i) वर्तमान परिसंपत्तियां	11,483.12	4,996.60
	(ii) वर्तमान देयताएं	12,524.77	4,271.84

कार्य–निष्पादन समीक्षा

आपकी कंपनी को 5.33 एमएमटी कच्चे तेल के भण्डारणों को स्थापित करने का कार्य सौंपा गया है (अनुपातिक लागत साझेदारी आधार पर हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड के साथ साझा किये जाने वाले 0.30 एमएमटी सहित)। सामरिक भण्डारों के सृजन हेतु चयन किये गए स्थल विशाखापट्टनम (1.33 एमएमटी), मंगलौर (1.5 एमएमटी) और पादुर (2.5 एमएमटी) हैं। रणनीतिक भंडारण स्थलों के निर्माण की पूंजी लागत को मूल रूप से सितंबर 2005 की कीमतों के आधार पर ₹2,397 करोड़ तक अनुमानित किया गया था। विशाखापट्टनम की संशोधित लागत अनुमान (आरसीई) जून, 2011 में प्राप्त किया गया था तथा तत्पश्चात् फरवरी 2015 में पुनः प्राप्त

किया गया था। मंगलौर और पादुर के लिए आरसीई को नवंबर, 2013 में मंजूरी प्रदान की गई थी।

तीनों स्थलों के लिए, आरसीई इस प्रकार हैं: विशाखापट्टनम – ₹1,178.35 करोड़; मंगलौर ₹1,227 करोड़ और पादुर – ₹1,693 करोड़। इस प्रकार, परियोजनाओं की कुल संशोधित लागत ₹4098.35 करोड़ होती है। भारत सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार, विशाखापट्टनम की पूंजीगत लागत ओआईडीबी में उपलब्ध मौजूदा निधियों से पूरा किया जाएगा, 0.3 एमएमटी को छोडकर जिसे अनुपातिक लागत आवंटन आधार पर हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड से पूर्ण किया जाएगा। यह भी सुनिश्चित किया गया था कि इन सामरिक भंडारणों की प्रचालन और रखरखाव लागत भारत सरकार द्वारा की जाएगी। भारत सरकार द्वारा 2012–17 की 12वीं पंचवर्षीय योजना में तेल भंडारण की लागत के लिए ₹4,948 करोड़ आवंटित किए गए हैं। इन निधियों में से, विशाखापट्टनम का एक 1.03 एमएमटी कम्पार्टमेंट और मैंगलोर कैवर्न का एक 0.75 एमएमटी कम्पार्टमेंट भरा गया है।

आपकी कंपनी द्वारा तीन स्थलों की कैवर्न परियोजनाओं का सफलतापूर्वक कमीशन किया है, जो देश की एसपीआर परियोजनाओं के प्रथम चरण के सफलता पूर्वक पूर्णता का प्रतीक है।

सभी तीनों स्थलों को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 10 फरवरी 2019 को राष्ट्र को समर्पित किया गया है।

एसपीआर के द्वितीय चरण कार्यक्रम के तहत, सैद्धांतिक रूप से 6.5 एमएमटी पेट्रोलियम भंडारणों का निर्माण और कच्चे तेल की लोडिंग/अनलोडिंग से संबंधित व संबंधित सुविधा स्थलों के लिए भूमिगत असम्पीडित चट्टानी कैवर्नों मे स्टोर करने के लिए चांदीखोल, ओडिशा (4.0 एमएमटी) और पादुर II, कर्नाटक (2.5 एमएमटी) के कार्य को अनुमोदित किया गया है। यह सैद्धांतिक अनुमोदन, भारत सरकार के बजटीय सहयोग को कम करने के लिए पीपीपी मॉडल के तहत परियोजना को आरंभ करने से संबंधित है।

1. विशाखापट्टनम (भण्डारण क्षमता : 1.33 एमएमटी)

बोर्ड के सदस्यों को यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि विशाखापट्टनम कैवर्न का कमीशन वर्ष 2015 में किया गया था। इस स्थल में दो कम्पार्टमेंट कैवर्न ए (1.03 एमएमटी) और कैवर्न बी (0.3एमएमटी) हैं। कैवर्न ए

विशाखापट्टनम संयंत्र का रात्रिकालीन दृश्य

सामरिक कच्चे तेल के लिए है और इसे भारत सरकार द्वारा उपलब्ध की गई निधियों से भरा गया है। एचपीसीएल द्वारा आनुपातिक लागत साझाकरण के आधार पर कैवर्न बी को लिया है। इसे एचपीसीएल द्वारा विशाखापट्टनम स्थित अपने रिफाइनरी प्रचालन के लिए नियमित रूप से उपयोग मे लाया जा रहा है।

2. मंगलौर (भण्डारण क्षमता :1.5 एमएमटी)

बोर्ड को सदस्यों को यह भी सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि मंगलौर कैवर्न के दोनों कम्पार्टमेंटों को चालू कर दिया गया है। पहले कम्पार्टमेंट अर्थात कैवर्न बी को अक्टूबर 2016 में कमीशन किया गया था, इसे दिसंबर 2016 माह में पूर्ण रूप से 50 प्रतिशत ईरान हेवी + 50 प्रतिशत ईरान लाइट कच्चे तेल के तीन वीएलसीसी पार्सल के द्वारा भर दिया गया था।

21 मई 2018 को आईएसपीआरएल मंगलौर में एडीएनओसी की ओर से पहली क्रूड ऑयल की खेप प्राप्त करते हुए।

मई 2018 से नवंबर 2018 की अवधि के दौरान कैवर्न ए को भी एडीएनओसी की ओर से प्राप्त दास क्रूड ऑयल के तीन पार्सल से भर दिया गया है। एडीएनओसी और आईएसपीआरएल के बीच फरवरी 2018 में हुए समझौते के तहत एडीएनओसी द्वारा इस कैवर्न को भरने के लिए कच्चा तेल प्रदान किया है।

इस वर्ष के दौरान, लगभग 0.625 एमएमटी क्रूड ऑयल (50 प्रतिशत ईरान हेवी + 50 प्रतिशत ईरान लाइट) को मैंगलोर कैवर्न – बी से पादुर कैवर्न परियोजना की ओर स्थानांतरित किया गया था और लगभग 0.179 एमएमटी क्रूड ऑयल (50 प्रतिशत ईरान हेवी + 50 प्रतिशत ईरान लाइट) की खरीद की गई और इसे मंगलौर की कैवर्न – बी में भरा गया।

0.179 एमएमटी क्रूड ऑयल (50 प्रतिशत ईरान हेवी + 50 प्रतिशत ईरान लाइट) को एमआरपीएल के माध्यम से ₹534 करोड़ की समतुल्य राशि से प्राप्त किया गया, यह कार्य क्रूड ऑयल की भराई के लिए आवंटित शेष राशि के उपयोग द्वारा किया गया था।

मंगलौर प्लांट का परिदृश्य

3. पादुर (भंडारण क्षमता : 2.5 एमएमटी)

बोर्ड द्वारा सदस्यों को यह सूचित करते हुए भी प्रसन्नता हो रही है कि मंगलौर की कैवर्न–बी में उपलब्ध कच्चे तेल (50 प्रतिशत ईरान हेवी + 50 प्रतिशत ईरान लाइट) को हस्तांतरित करके दिसंबर 2018 में पादुर कैवर्न परियोजना को सफलतापूर्वक चालू कर दिया गया है।

पादुर सुविधा में प्रत्येक 0.625 एमएमटी के चार कम्पार्टमेंट हैं अर्थात कैवर्न ए, कैवर्न बी, कैवर्न सी व कैवर्न डी जिनकी कुल क्षमता 2.5 एमएमटी है। इन सभी चारों कम्पार्टमेंटों को आंशिक रूप से कच्चे तेल से भरा गया है।

वर्तमान में कच्चे तेल की आंशिक मात्रा को इस सुविधा के सभी चार कम्पार्टमेंटों में स्थानांतरित कर सुविधा को कमीशन कर दिया गया है। अंततः, कच्चे तेल को एक ही कम्पार्टमेंट में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

पादुर के शेष तीन कम्पार्टमेटों को एक उपयुक्त व्यवस्था के माध्यम से भरना प्रस्तावित किया गया है, जिससे उपलब्ध भंडारण स्थल का प्रभावी वाणिज्यिक और सामरिक उपयोग हो सके। पादुर की प्रत्येक दो 0.625

पादुर सुविधा का फ्लेयर क्षेत्र

एमएमटी कैवर्नों को भरने के लिए एडीएनओसी के साथ 11 नवंबर 2018 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे। एक निश्चित अनुबंध, एडीएनओसी के परामर्श से तैयार होने/अंतिम रूप प्रदान करने के कार्यान्वयनाधीन है।

4. सामरिक भण्डार कार्यक्रम का चरण–II

एसपीआर के द्वितीय चरण के कार्यक्रम के तहत, आईएसपीआरएल 6.5 एमएमटी पेट्रोलियम भंडारणों व संबंधित सुविधा स्थलों के लिए भूमिगत असम्पीडित चट्टानी कैवर्नओं को चांदीखोल, ओडिशा (4.0 एमएमटी) और पादुर II,

माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा दिल्ली में आईएसपीआरएल रोड़ शो कार्यक्रम का उद्घाटन।

आईएसपीआरएल में पीपीपी के लिए रोड शो प्रगति पर

कर्नाटक (2.5 एमएमटी) में निर्माण कार्य का इरादा रखता है। इसके साथ साथ आईएसपीआरएल द्वारा मंगलौर, पादुर और चांदीखोल में अपने मौजूदा और आगामी स्थलों को समर्पित करने के लिए सिंगल प्वाईंट मूरिंग (एसपीएम) सुविधा का निर्माण करने की भी योजना की है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा चांदीखोल, ओडिशा (4 एमएमटी) और पादुर, कर्नाटक (2.5 एमएमटी) नामक दो स्थानों पर दो एसपीआर के लिए एक समर्पित एसपीएम को शामिल करते हुए 6.5 एमएमटी सामरिक पेट्रोलियम भंण्डारण स्थापित करने के लिए सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान किया गया है। यह 'सैद्धांतिक अनुमोदन', भारत सरकार के बजटीय सहयोग को कम करने के लिए पीपीपी मॉडल के तहत परियोजना को आरंभ करने से संबंधित है। आईएसपीआरएल द्वारा इन एसपीआरज़ के निर्माण के लिए वित्तीय निवेशक/कारोबारी/घरेलू व विदेशी तेल परिशोधक व विपणन कंपनियां/बड़ी निर्माण कंपनियां/संप्रभु पूँजीगत् निधियों की भांति के संभावित भागीदार विकल्पों की खोज पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के तहत की जा रही है। यह चरण II के तहत विकसित परिकल्पित पेट्रोलियम भंडारण सुविधाओं के निर्माण कार्य, भराई और प्रचालन हेतु इन भागीदारों के साथ एक रियायती समझौते को करने को नियोजित कर रहा है।

आईएसपीआरएल द्वारा अभिच्छुक तेल और बुनियादी ढांचायुक्त कंपनियों के साथ एक उपयुक्त वित्तीय मॉडल तैयार करने के लिए एक कार्यसम्पादक सलाहकार मैसर्स डिलॉइट को कार्य हेतु नियुक्त किया गया है। परामर्श प्रक्रिया को निर्वाहित करने के मार्गदर्शक कार्यक्रमों और वन टू वन निरंतर वार्ताओं को नई दिल्ली (17 –18 अक्टूबर 18), सिंगापुर (26–27 अक्टूबर–18) और लंदन (29–30 अक्टूबर 18) में आयोजित किया गया। माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस एवं कौशल विकास मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा दिल्ली में भावी पीपीपी निवेशकों के लिए आईएसपीआरएल रोड़ शो कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। सलाहकार द्वारा अपनी सिफारिशें प्रस्तुत की गईं जिन्हें सरकार द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है। वर्तमान स्थिति के अनुसार, भारत सरकार और नीति आयोग से अपेक्षित समर्थन के साथ साथ पीपीपीएसी की सैद्धांतिक अनुमोदन प्राप्ति के लिए आवश्यक दस्तावेजों को समेकित किया जा रहा है।

लाभांश

आपके निदेशक मंडल ने 31 मार्च, 2019 को समाप्त वित्त वर्ष हेतु किसी लाभांश की सिफारिश नहीं की है।

आरक्षित को अंतरण

वित्तीय वर्ष 2018–19 के दौरान किए गए घाटे को 31.03.2019 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी के रिजर्व्स में स्थानांतरित कर दिया गया है।

सार्वजनिक जमा

आपकी कंपनी ने 31 मार्च, 2019 के अनुसार जनता से कोई सावधि जमा आमंत्रित, स्वीकृत अथवा नवीनिकृत नहीं किया है और तदानुसार उसके संबंध में कोई मूलधन या ब्याज बकाया नहीं है।

लेखा–परीक्षा समिति

बोर्ड ने लेखा परीक्षा समिति गठित की है। लेखा परीक्षा समिति में 31 मार्च 2019 तक निम्नलिखित निदेशक शमिल हैं।

(i) श्री राजीव बंसल : अध्यक्ष
अतिरिक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, एमओपीएडंएनजी
निदेशक, आईएसपीआरएल

(ii) श्री एच.पी.एस. आहुजा : सदस्य
मु. का. अ. एवं प्रबंध निदेशक, आईएसपीआरएल

वित्तीय वर्ष के दौरान हुई बैठकों की संख्या तथा तिथि और प्रत्येक निदेशक द्वारा भाग ली गई बैठकों की संख्या को दर्शाने वाला विवरण **अनुलग्नक–I** के रूप में संलग्न है।

नामांकन और पारिश्रमिक समिति

बोर्ड ने नामांकन और पारिश्रमिक समिति (एनआरसी) का गठन किया है। नामांकन और पारिश्रमिक समिति में वर्ष के दौरान निम्नलिखित निदेशक शमिल किए गए।

(i) श्री संजय सुधीर* : अध्यक्ष
संयुक्त सचिव (आईसी), एमओपीएडंएनजी
निदेशक, आईएसपीआरएल

(ii) श्री एच.पी.एस. आहुजा : सदस्य
मु. का. अ. एवं प्रबंध निदेशक, आईएसपीआरएल

*श्री सुंजय सुधीर निदेशक के पद पर दिनांक 21.02.2019 तक थे। बोर्ड ने 06.05.2019 को एनआरसी को पुनर्गठित किया और श्री बी.ए. रेडी, निदेशक, आईएसपीआरएल को अध्यक्ष एन आर सी नियुक्त किया।

वित्तीय वर्ष के दौरान हुई बैठकों की संख्या तथा तिथि और प्रत्येक निदेशक द्वारा भाग ली गई बैठकों की संख्या को दर्शाने वाला विवरण **अनुलग्नक–I** के रूप में संलग्न है।

कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व समिति

कंपनी की एक सीएसआर नीति है जो कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। कंपनी ने वर्ष के दौरान सीएसआर गतिविधियों पर कोई पैसा खर्च नहीं किया है क्योंकि कंपनी ने पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान कोई लाभ नहीं कमाया है। बोर्ड ने कारपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) कमेटी गठित की है, जिसमें वर्ष के दौरान निम्नलिखित निदेशक शमिल किए हैं।

(i) श्री संजय सुधीर* : अध्यक्ष
संयुक्त सचिव (आईसी), एमओपीएडंएनजी
निदेशक, आईएसपीआरएल

(ii) श्री एच.पी.एस. आहुजा : सदस्य
मु. का. अ. एवं प्रबंध निदेशक, आईएसपीआरएल

*श्री सुंजय सुधीर निदेशक के पद पर दिनांक 21.02.2019 तक थे।

वित्तीय वर्ष के दौरान हुई बैठकों की संख्या तथा तिथि और प्रत्येक निदेशक द्वारा भाग ली गई बैठकों की संख्या को दर्शाने वाला विवरण **अनुलग्नक–I** के रूप में संलग्न है।

वार्षिक रिटर्न का निष्कर्ष

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 92(3) के अनुपालन में, जिसे कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 12(1) के साथ पढ़ा जाता है, वार्षिक रिटर्न का एक उद्धरण फार्म सं. एमजीटी–9 में **अनुलग्नक–क** के रूप में संलग्न है।

बोर्ड की बैठकें

वित्तीय वर्ष 2018–19 के दौरान कंपनी के निदेशक मंडल की 4 बैठकें हुई जिनके ब्यौरे निम्नानुसार हैं :

1) 04 मई, 2018
2) 18 जुलाई, 2018
3) 14 नवम्बर, 2018
4) 26 फरवरी, 2019

वित्तीय वर्ष के दौरान हुई बैठकों की संख्या तथा तिथि और प्रत्येक निदेशक द्वारा भाग ली गई बैठकों की संख्या को दर्शाने वाला विवरण **अनुलग्नक–I** के रूप में संलग्न है।

व्यापार के स्वरूप में परिवर्तन

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान व्यापार के स्वरूप में कोई परिवर्तन नहीं हुए हैं।

कर्मचारियों के ब्यौरे

कंपनी में ऐसा कोई कर्मचारी नहीं है जिसके संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013, जिसे कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति तथा पारिश्रमिक) नियमावली, 2014 के साथ पढ़ा जाता है, के प्रावधानों के अंतर्गत विवरण प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित हो।

स्वतंत्र निदेशकों द्वारा घोषणा

वित्तीय वर्ष 18–19 के दौरान कंपनी के बोर्ड मे कोई भी स्वतंत्र निदेशक नहीं था।

जोखिम प्रबंधन

प्रभावी जोखिम प्रबंधन कंपनी की सतत् सफलता हेतु महत्वपूर्ण है। कंपनी के पास कंपनी प्रचालनों से संबद्ध जोखिमों की पहचान और जोखिमों को न्यूनतम करने के लिए उचित सुधारात्मक कदम उठाने के लिए एक जोखिम प्रबंधन नीति है। कंपनी से संबद्ध प्रमुख जोखिम खनिज तेल प्राप्ति तथा भंडारण और वितरण से संबंधित है। इन जोखिमों को मानक प्रचालन प्रक्रियाओं को अपना कर तथा पर्याप्त बीमा कवर लेकर न्यून किया जाता है।

प्रमुख प्रबंधक कार्मिक

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान पूर्णकालिक प्रमुख प्रबंधन कार्मिक निम्नलिखित थे :

क) मु. का. अ. एवं प्रबंध निदेशक – श्री एच.पी.एस. आहुजा

ख) मुख्य वित्त अधिकारी – श्री गौतम सेन

ग) कंपनी सचिव – श्री अरूण तलवार

पारिश्रमिक

आईएसपीआरएल बोर्ड में मु.का.अ. एवं प्रबंध निदेशक को छोड़कर सभी निदेशक पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपीएंडएनजी) द्वारा मनोनीत अधिकारी हैं। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा नामित पदाधिकारी निदेशक को कोई पारिश्रमिक नहीं दिया गया था। मु.का.अ. एवं प्रबंध निदेशक और कंपनी के अन्य अधिकारी तेल क्षेत्र के पीएसयू से प्रतिनियुक्ति पर आते हैं।

भौतिक परिवर्तन तथा प्रतिबद्धताएं

ऐसे कोई भौतिक परिवर्तन नहीं हैं जो तुलन–पत्र से संबंधित कंपनी के वित्त–वर्ष के समापन के पश्चात तथा रिपोर्ट की तिथि के मध्य हुए हो।

कंपनी की चालू स्थिति और भविष्य में कंपनी के प्रचालनों को प्रभावित करने वाले नियामकों या न्यायालयों या अधिकरणों द्वारा पारित महत्वपूर्ण तथा भौतिक आदेशों के ब्यौरे

कंपनी की चालू स्थिति और भविष्य में कंपनी के प्रचालनों को प्रभावित करने वाले किसी महत्वपूर्ण तथा भौतिक आदेश को नियामकों या न्यायालयों या अधिकरणों द्वारा पारित नहीं किया गया था।

सहायक कंपनी/संयुक्त उद्यम/सहभागी कंपनी

कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अंतर्गत कंपनी की कोई सहायक कंपनी/संयुक्त उद्यम/सहभागी कंपनी नही है।

लागत लेखा–परीक्षा

अधिनियम की धारा 148 के संदर्भ में, कंपनी को लागत लेखाकार द्वारा आयोजित अपनी लागत के लेखा–परीक्षा की आवश्यकता नहीं है।

लेखा–परीक्षक

<u>सांविधिक लेखा–परीक्षा :</u>

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा–परीक्षक (सी एंड ए जी) ने मैसर्स गोयल एडं गोयल (डीई0577), सनदी लेखाकार, नई दिल्ली को कंपनी के सांविधिक लेखा–परीक्षकों के रूप में नियुक्त किया है जिन्होंने 31 मार्च, 2019 को समाप्त वित्त वर्ष हेतु कंपनी के लेखे पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की है **(अनुलग्नक–ख)**। शेयरधारकों को लेखा–परीक्षकों की रिपोर्ट में कोई अर्हता शामिल नहीं है।

कंपनी एक्ट 2013 की धारा 143 (6) (ए) के तहत 31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के वित्तीय विवरणों के तहत आयोजित पूरक लेखा–परीक्षा के आधार पर सी एंड ए जी ने कंपनी एक्ट, 2013 की धारा 143(6) (ख) के तहत एक अवलोकन किया है। सी एंड ए जी का अवलोकन प्रबंधन के उत्तर के साथ

अनुलग्नक–ग पर संलग्न है।

सचिवालयीन लेखा–परीक्षा :

वर्ष के दौरान कंपनी के बोर्ड ने मैसर्स एस.एन. अग्रवाल एंड कंपनी, कंपनी सचिव (सीपी संख्या – 3581), पूर्णकालिक प्रैक्टिस में होने वाले कंपनी सचिव को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के प्रावधानों के अंतर्गत वित्त वर्ष 2018–19 हेतु सचिवालयीन लेखा–परीक्षा करने के लिए नियुक्त किया था। सचिवालयीन लेखा–परीक्षकों द्वारा दी गई रिपोर्ट इस रिपोर्ट के साथ (**अनुलग्नक–घ**) के रूप में संलग्न है। शेयरधारकों को लेखा–परीक्षकों की रिपोर्ट में कोई महत्वपूर्ण अर्हता शामिल नहीं है।

ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी समावेश, अनुसंधान और विकास तथा निर्यात और विदेशी मुद्रा अर्जन तथा व्यय

कंपनी ने विशाखापट्टनम, मंगलौर और पादुर केवर्नों को चालू कर दिया है। कंपनी के पास ऊर्जा संरक्षण और प्रौद्योगिकी समावेश किए जाने के संबंध में प्रकाशित की जाने वाली कोई जानकारी नहीं है।

कंपनी का वर्ष के दौरान कोई विदेशी मुद्रा अर्जन नहीं था। तथापि, इसमें समीक्षाधीन अवधि के दौरान अपने व्यापार क्रियाकलापों हेतु कुल ₹32.11 लाख की विदेशी मुद्रा का उपयोग किया है।

आंतरिक नियंत्रक

समीक्षा अवधि के दौरान कंपनी के पास वित्तीय वक्तव्यों के संदर्भ में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण है।

कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम

कंपनी ने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न के निषेध तथा निवारण और उससे संबंधित या प्रासंगिक सभी मामलों और 'कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (निवारण, निषेध तथा समाधान) अधिनियम, 2013 में समाविष्ट सभी पहलुओं को कवर करने वाली एक नीति बनाई है। कंपनी ने अधिनियम के तहत आंतरिक शिकायत समिति के संविधान से संबंधित प्रावधानों का पालन किया है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कंपनी को अधिनियम के तहत कोई शिकायत नहीं मिली।

बोर्ड मूल्यांकन

बोर्ड और उसकी समितियों के व्यक्तिगत निदेशकों के प्रदर्शन का औपचारिक मूल्यांकन बोर्ड द्वारा अनुमोदित बोर्ड प्रदर्शन मूल्यांकन नीति के अनुसार किया गया था।

लेखा परीक्षकों द्वारा धोखाधड़ी की रिपोर्टिंग

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (12) के तहत लेखा परीक्षकों द्वारा धोखाधड़ी की कोई घटना की रिपोर्टिंग नहीं की गई है।

धारा 186 के अंतर्गत ऋण, गारंटी या निवेश का ब्यौरा

वर्ष 2018–19 के दौरान आईएसपीआरएल द्वारा कोई ऋण नहीं दिया और न कोई निवेश किया गया है। आईएसपीआरएल ने संबंधित प्रवेश कर मामले के संबंध में उपायुक्त, वाणिज्य कर विभाग, मंगलौर को

31 मार्च, 2019 को ₹38.43 लाख की बैंक गारंटी दी है।

संबंधित पक्ष कारोबार

सभी संबंधित पक्ष कारोबार ओआईडीबी द्वारा इक्विटी पूंजी भागीदारी और मु.का.अ. एवं प्रबंध निदेशक आईएसपीआरएल, मु.वि.अ. आईएसपीआरएल और कंपनी सचिव, आईएसपीआरएल को प्रबंधकीय पारिश्रमिक के भुगतान तक ही सीमित थे। संबंधित पक्षों के साथ ये संव्यवहार व्यापार के समान्य सचालन के दौरान किए गए अतिरिक्त संसाधनों के विस्तार पर हैं एवं सामग्री के आधार पर नहीं है।

सचिवालयी मानकों का अनुपालन

इंस्टीटयूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीस ऑफ इड़िया द्वारा निर्धारित सचिवालयी मानकों का कम्पनी द्वारा पूर्णतया पालन किया जाता है।

कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट की एक प्रति कम्पनी की वेबसाईट www.isprlindia.com पर रखी जायेगी।

निदेशकों के उत्तरदायित्व का विवरण

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 उप–धारा (3) के खंड (ग) के अंतर्गत कंपनी कर निदेशक मंडल अपने सर्वोतम ज्ञान और योग्यता के साथ निर्दिष्ट और पुष्टि करते हैं:

(क) वित्तीय वर्ष के वार्षिक लेखों की तैयारी में, सामग्री विचलन से संबंधित उचित स्पष्टीकरण के साथ लागू लेखा मानकों का पालन किया गया है;

(ख) निदेशकों ने ऐसी लेखांकन नीतियों का चयन किया है और उन्हें लगातार लागू किया है और निर्णय एवं अनुमान बनाए हैं जो उचित और समझदार हैं ताकि 31 मार्च, 2019 को कंपनी के मामलों की स्थिति तथा उस वर्ष के लाभ और हानि के बारे में सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण दिया जा सके;

(ग) निदेशकों ने कंपनी की संपत्तियों की सुरक्षा और धोखाधड़ी एवं अन्य अनियमितताओं को रोकने और पहचानने के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखांकन रिकॉर्ड के रखरखाव के लिए उचित और पर्याप्त देखभाल की है;

(घ) निदेशकों ने 31 मार्च, 2019 को समाप्त वित्तीय वर्ष के वार्षिक लेखे "अनवरत संबंध" के आधार पर तैयार किए हैं।

(ड.) निदेशकों ने सभी लागू कानूनों के प्रावधानों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए उचित सिस्टम तैयार किए थे और इस तरह के सिस्टम पर्याप्त थे एवं प्रभावी ढंग से परिचालन कर रहे थे।

निदेशक मंडल

आपकी कंपनी के निदेशक मंडल में 31 मार्च, 2019 के अनुसार चार अंशकालिक गैर–कार्यपालक निदेशक और एक पूर्णकालिक सीईओ एवं एमडी है, जिसके ब्यौरे नीचे दिए गए हैं :

1. डॉ. एम.एम. कुट्टी (डीआईएन 01943083), सचिव, एमओपीएडंएनजी – अध्यक्ष
2. श्री राजीव बंसल (डीआईएन 00245460), अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, एमओपीएडंएनजी– निदेशक

3. श्री दिवाकर नाथ मिश्रा (डीआईएन 07464700) – सचिव, ओआईडीबी/निदेशक
4. श्री एच.पी.एस आहुजा (डीआईएन 07793886), मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक
5. श्रीमती किरन वासुदेवा (डीआईएन 06419718), निदेशक (जीपी) एमओपीएडंएनजी – निदेशक

01 अप्रैल, 2018 से निदेशक मंडल में निम्नलिखित परिवर्तन हुए :

1. श्री के.डी. त्रिपाठी (डीआईएन 07239755), सचिव, एमओपीएडंएनजी – अध्यक्ष आईएसपीआरएल (30.06.2018 तक)
2. डॉ. एम.एम. कुट्टी (डीआईएन 01943083), सचिव, एमओपीएडंएनजी – अध्यक्ष आईएसपीआरएल (18.07.2018 से नियुक्ति)
3. श्रीमती किरन वासुदेवा (डीआईएन 06419718), निदेशक (जीपी), एमओपीएडंएनजी – निदेशक आईएसपीआरएल (31.08.2018 से 31.05.2019 तक)
4. श्री आशीष चटर्जी (डीआईएन 07688473), सयुंक्त सचिव (जीपी), एमओपीएडंएनजी – निदेशक आईएसपीआरएल (14.11.2018 तक)
5. श्री दिवाकर नाथ मिश्रा (डीआईएन 07464700) – सचिव, ओआईडीबी/निदेशक आईएसपीआरएल (14.11.2018 से नियुक्ति)
6. श्री संजय सुधीर (डीआईएन 07396936), सयुंक्त सचिव (आईसी), एमओपीएडंएनजी – निदेशक आईएसपीआरएल (21.02.2019 तक)
7. श्री बी.एन. रेड्डी (डीआईएन 08389048), ओएसडी (आईसी), एमओपीएडंएनजी – निदेशक आईएसपीआरएल (09.04.2019 से नियुक्ति)

अभिस्वीकृति

आपका निदेशक मंडल भारत सरकार, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय और तेल उद्योग विकास बोर्ड से प्राप्त मूल्यवान मार्ग–दर्शन तथा सहयोग के प्रति आभार प्रकट करता है।

कृते एवं निदेशक मंडल की ओर से

हस्ता/–
(बी.एन.रेड्डी)
निदेशक
(डीआईएन 08389048)

हस्ता/–
(एच.पी.एस. आहुजा)
मु.का.अ. एवं प्रबंध निदेशक
(डीआईएन 07793886)

दिनांक : 04.09.2019
स्थान : नई दिल्ली

(अनुलग्नक–I)

बोर्ड की समितियों और बोर्ड की बैठकों का ब्यौरा और निदेशकों द्वारा भाग ली गई बैठकों की संख्या

लेखा–परीक्षा समिति :

लेखा–परीक्षा समिति की वित्तीय वर्ष 2018–19 के दौरान दो बैठकें हुई थी। ये बैठकें 1 जून, 2018 और 21 अगस्त, 2018 को आयोजित की गई थी। लेखा–परीक्षा समिति की बैठकों में निदेशकों की उपस्थिति निम्नानुसार है :

क्रम सं.	सदस्य	पदनाम	वित्तीय वर्ष 2018–19 में भाग ली गई बैठकों की संख्या
1	श्री राजीव बंसल	अध्यक्ष	2
2	श्री एच.पी.एस. आहुजा	सदस्य	2

नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति (एनआरसी) :

वित्तीय वर्ष 2018–19 के दौरान एनआरसी की एक बैठक हुई थी। ये बैठक 28 अगस्त, 2018 को आयोजित की गई थी। एनआरसी बैठक में निदेशकों की उपस्थिति निम्नानुसार है :

क्रम सं.	सदस्य	पदनाम	वित्तीय वर्ष 2018–19 में भाग ली गई बैठकों की संख्या
1	श्री संजय सुधीर	अध्यक्ष	1
2	श्री एच.पी.एस. आहुजा	सदस्य	1

कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) समिति :

वित्तीय वर्ष 2018–19 के दौरान सीएसआर समिति की कोई बैठक आयोजित नहीं हुई।

निदेशक मंडल :

वित्तीय वर्ष 2018–19 के दौरान कंपनी के निदेशक मंडल की चार बैठकें हुई जिनका ब्यौरा निम्नानुसार है –

(i) 04/05/2018
(ii) 18/07/2018
(iii) 14/11/2018
(iv) 26/02/2019

क्रम सं.	निदेशक का नाम	पदनाम	वित्तीय वर्ष 2018–19 के दौरान भाग ली गई बोर्ड बैठकों की संख्या
1	श्री के.डी. त्रिपाठी (30.06.2018 तक)	अध्यक्ष	1
2	डॉ. एम.एम. कुट्टी (18.07.2018 से नियुक्ति)	अध्यक्ष	3
3	श्री राजीव बंसल	निदेशक	3
4	श्री संजय सुधीर (21.02.2019 तक)	निदेशक	1
5	श्री आशीष चटर्जी (14.11.2018 तक)	निदेशक	3
6	श्री दिवाकर नाथ मिश्रा (14.11.2018 से नियुक्ति)	निदेशक	2
7	श्री एच.पी.एस आहुजा	सीईओ एवं एमडी	4
8	श्रीमती किरन वासुदेवा (31.08.2018 से नियुक्ति)	निदेशक	1

अनुलग्नक–क

फार्म सं. एमजीटी–9

वार्षिक विवरणी का निष्कर्ष

31 मार्च, 2019 को समाप्त वित्त वर्ष हेतु कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 92(3) और कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 12(1) के अनुपालन में

I. पंजीकरण और अन्य ब्यौरे :

(i) सीआईएन : U63023DL2004GOI126973

(ii) पंजीकरण तिथि–16 जून, 2004

(iii) कंपनी का नाम – इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व्स लिमिटेड

(iv) कंपनी की श्रेणी/उप–श्रेणी – गैरसूचीबद्ध पब्लिक लिमिटेड कंपनी

(v) पंजीकृत कार्यालय का पता और संपर्क ब्यौरे – 301, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, तीसरा तल, बाबर रोड, नई दिल्ली–110001, टेलीफोन : 0120–2594641 फैक्स : 0120–2594643

(vi) क्या सूचीबद्ध कंपनी है – नहीं

(vii) रजिस्ट्रार और अंतरण एजेंट का नाम, पता तथा संपर्क ब्यौरा, यदि कोई हो – लागू नही

II. कंपनी के क्रियाकलाप

विशाखापट्टनम, मंगलौर और पादुर में सामरिक खनिज तेल भंडारण कैवर्नों का निर्माण, कैवर्नों का प्रचालन और कैवर्न में खनिज तेल की अभिरक्षा।

क्रम सं.	मुख्य उत्पादों/सेवाओं का नाम तथा विवरण	उत्पाद/सेवा का एनआईसी कोड	कंपनी के कुल टर्नओवर का %
1.	खनिज तेल कैवर्न सुविधाओं का निर्माण, प्रचालन और अनुरक्षण	43900 52109	--
2.	--	--	--

III. धारक कंपनी के ब्यौरे

क्रम सं.	कंपनी का नाम और पता	पैन नम्बर	धारक कंपनी/अनुषंगी कंपनी/एसोसिएट कंपनी	धारित शेयरों का %	लागू खंड
1.	तेल उद्योग विकास बोर्ड	AAAJO0032A	धारक	100	2(46)

IV. शेयर धारित पैटर्न (कुल इक्विटी के प्रतिशत के तौर पर इक्विटी शेयर पूंजी ब्यौरा)

(i) श्रेणी–वार शेयरधारिता

शेयरधारकों की श्रेणी	वर्ष के प्रारंभ में धारित शेयरों की संख्या (संख्या करोड़ में)				वर्ष के अंत में धारित शेयरों की संख्या (संख्या करोड़ में)				वर्ष के दौरान % परिवर्तन
	डीमैट	भौतिक	कुल	कुल शेयरों का %	डीमैट	भौतिक	कुल	कुल शेयरों का %	
क. प्रमोटर									
(1) भारतीय	-	-	-	-	-	-	-	-	-
(क) व्यक्तिगत/एचयूएफ	-	-	-	-	-	-	-	-	-
(ख) केन्द्र सरकार	-	-	-	-	-	-	-	-	-
(ग) राज्य सरकार (रें)	-	-	-	-	-	-	-	-	-
(घ) कारपोरेट निकाय	शून्य	368.11	368.11	100	374.84	शून्य	374.84	100	1.83
(ङ) बैंक/वित्तीय संस्थान	-	-	-	-	-	-	-	-	-
(च) अन्य कोई	-	-	-	-	-	-	-	-	-
उप जोड़ (क) (1) :–	शून्य	**368.11**	**368.11**	**100**	**374.84**	शून्य	**374.84**	**100**	**1.83**
(2) विदेशी									
(क) एनआरआई–व्यक्तिगत	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
(ख) अन्य – व्यक्तिगत	-	-	-	-	-	-	-	-	-
(ग) कारपोरेट निकाय	-	-	-	-	-	-	-	-	-
(घ) बैंक/वित्तीय संस्थान	-	-	-	-	-	-	-	-	-
(ङ) अन्य कोई	-	-	-	-	-	-	-	-	-
उप जोड़ (क) (2) :–	-	-	-	-	-	-	-	-	-
प्रमोटर की कुल शेयरधारिता (क)= (क)(1)+(क)(2)	- शून्य	- **368.11**	- **368.11**	- **100**	- **374.84**	- शून्य	- **374.84**	- **100**	- **1.83**

शेयरधारकों की श्रेणी	वर्ष के प्रारंभ में धारित शेयरों की संख्या (संख्या करोड़ में)				वर्ष के अंत में धारित शेयरों की संख्या (संख्या करोड़ में)				वर्ष के दौरान % परिवर्तन
	डीमैट	भौतिक	कुल	कुल शेयरों का %	डीमैट	भौतिक	कुल	कुल शेयरों का %	
ख. सार्वजनिक शेयरधारिता	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
1. संस्थान	-	-	-	-	-	-	-	-	-
क) म्यूचुअल फंड	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ख) बैंक/वित्तीय संस्थान	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ग) केन्द्र सरकार	-	-	-	-	-	-	-	-	-
घ) राज्य सरकार (रें)	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ङ) उद्यम पूंजी निधि	-	-	-	-	-	-	-	-	-
च) बीमा कंपनियां	-	-	-	-	-	-	-	-	-
छ) एफआईआई	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ज) विदेशी उद्यम पूंजी निधि	-	-	-	-	-	-	-	-	-
झ) अन्य (निर्दिष्ट करें)	-	-	-	-	-	-	-	-	-
उप जोड़ (ख) (1) :–	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
2. गैर–संस्थान	-	-	-	-	-	-	-	-	-
क) कारपोरेट निकाय	-	-	-	-	-	-	-	-	-
i) भारतीय	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ii) विदेशी	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ख) व्यक्तिगत	-	-	-	-	-	-	-	-	-
i) ₹1 लाख तक की नामितिक शेयर पूंजी धारित करने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ii) ₹1 लाख से अधिक की नामितिक शेयर पूंजी धारित करने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ग) अन्य (निर्दिष्ट करें)	-	-	-	-	-	-	-	-	-
उप जोड़ (ख) (2) :–	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
कुल सार्वजनिक शेयरधारिता (ख) = (ख)(1) + (ख)(2)	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
ग) जीडीआर और एडीआर हेतु संरक्षक द्वारा धारित शेयर	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
सकल जोड़ (क+ख+ग)	शून्य	368.11	368.11	100%	374.84	शून्य	374.84	100%	1.83

(ii) प्रवर्तकों की शेयरधरिता

क्र.सं	शेयरधारकों के नाम*	वर्ष के प्रारंभ में शेयरधारिता			वर्ष के अंत में शेयरधारिता			
		शेयरों की संख्या (करोड़ में)	कंपनी के कुल शेयरों का %	कुल शेयरों में रेहन/ भाराक्रांत रखे गए शेयरों का %	शेयरों की संख्या (करोड़ में)	कंपनी के कुल शेयरों का %	कुल शेयरों में रेहन/ भाराक्रांत रखे गए शेयरों का %	वर्ष के दौरान शेयर धारिता के % परिवर्तन
1	तेल उद्योग विकास बोर्ड							
	कुल	**368.11**	**100**	शून्य	**374.84**	**100**	शून्य	**1.83**

* तेल उद्योग विकास बोर्ड (ओआईडीबी) के अतिरिक्त, कंपनी के 6 अन्य शेयरधारक हैं, जो ओआईडीबी के नामिति हैं, प्रत्येक ने एक शेयर धारित किया है। अन्य 6 शेयरधारकों के नाम नीचे दिए गए हैं :

(1) श्री गणेश चन्द्र डोभाल
(2) श्री राजेश कुमार सैनी
(3) श्री गिरीश चन्द्र
(4) श्रीमती ज्योति शर्मा
(5) श्री एम.एस. चौहान
(6) श्री राजेश मिश्रा

(iii) प्रर्वतकों की शेयरधारिता में परिवर्तन

क्र.सं		वर्ष के प्रारंभ में शेयरधारिता		वर्ष के दौरान संचित शेयरधारिता	
		शेयरों की संख्या (संख्या करोड़ में)	कंपनी के कुल शेयरों का %	शेयरों की संख्या (संख्या करोड़ में)	कंपनी के कुल शेयरों का %
	वर्ष के प्रारंभ में	**368.11**	100	**368.11**	100
	वित्तीय वर्ष 2018–19 के दौरान शेयरों का आवंटन **i) 04/05/2018** 43,10,000 शेयरों **ii) 28/06/2018** 1,00,00,000 शेयरों **iii) 26/02/2019** 5,30,00,000 शेयरों	वित्तीय वर्ष 2018–19 में शेयरों का आवंटन 6.73 करोड़			
	वर्ष के अंत में	**374.84**	100	**374.84**	100

(iv) दस शीर्ष शेयरधारकों का शेयरधारिता पैटर्न (निदेशकों, प्रर्वतकों और जीडीआर तथा एडीआर के धारकों के अतिरिक्त) :

क्र.सं		वर्ष के प्रारंभ में शेयरधारिता		वर्ष के दौरान संचित शेयरधारिता	
	10 शीर्ष शेयरधारकों में से प्रत्येक के लिए	शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का %	शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का %
	वर्ष के प्रारंभ में	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	वृद्धि / कमी हेतु कारण निर्दिष्ट करते हुए शेयरधारिता में तिथि–वार वृद्धि / कमी (जैसे कि आवंटन / अंतरण / बोनस / स्वेट इक्विटी आदि) :	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	वर्ष के अंत में (अथवा पृथकीकरण की तिथि को, यदि वर्ष के दौरान पृथक हुए हैं तो)	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य

(v) निदेशकों और प्रमुख प्रबंधन कार्मिकों की शेयरधारिता :

क्र.सं		वर्ष के प्रारंभ में शेयरधारिता		वर्ष के दौरान संचित शेयरधारिता	
	प्रत्येक निदेशक और केएमपी हेतु	शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का %	शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का %
	वर्ष के प्रारंभ में	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तिथिवार वृद्धि / कमी वृद्धि / कमी का कारण निर्दिष्ट करते हुए (जैसे की आवंटन / अतंरण / बोनस / स्वेट इक्विटी इत्यादि)	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	वर्ष के अंत में	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य

V. ऋणग्रस्तता

बकाया / प्रोदभूत ब्याज किंतु भुगतान हेतु देय नहीं सहित कंपनी की ऋणग्रस्तता

	जमा के अतिरिक्त प्रतिभूत ऋण	अप्रतिभूत ऋण (लाख रूपये में)	जमा	कुल ऋणग्रस्तता
वित्तीय वर्ष के प्रारंभ में ऋणग्रस्तता (i) मूल धन (ii) देय किंतु अदा न किया गया ब्याज (iii) प्रोदभूत किंतु देय नहीं ब्याज	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
कुल (i+ii+iii)	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
वित्तीय वर्ष के दौरान ऋणग्रस्तता में परिवर्तन • वृद्धि • कमी	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
निवल परिवर्तन	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
वित्तीय वर्ष के अंत में ऋणग्रस्तता (i) मूल धन (ii) देय किंतु अदा न किया गया ब्याज (iii) प्रोदभूत किंतु देय नहीं ब्याज	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
कुल (i+ii+iii)	**शून्य**	**शून्य**	**शून्य**	**शून्य**

VI. निदेशकों और प्रमुख प्रबंधन कार्मिकों का पारिश्रमिक

क. प्रबंध निदेशक का पारिश्रमिक

क्र.सं	पारिश्रमिक के ब्यौरे	एमडी / डब्ल्यूटीडी का नाम	कुल राशि (₹ लाख में)
		श्री एच.पी.एस आहुजा, मु.का.अ. एवं प्रबंध निदेशक	
1.	सकल वेतन (क) आय कर अधिनियम, 1961 की धारा 17(1) में समाविष्ट प्रावधानों के अनुसार वेतन (ख) आय कर अधिनियम, 1961 की धारा 17(2) के अनुसार अनुलाभ का मूल्य (ग) आय कर अधिनियम, 1961 की धारा 17(3) के अनुसार वेतन के एवज में लाभ	₹ 71.26 (क+ख+ग)	₹ 71.26 (क+ख+ग)
2.	स्टॉक विकल्प	लागू नहीं	लागू नहीं
3.	स्वेट इक्विटी	लागू नहीं	लागू नहीं
4.	कमीशन – लाभ के % के रूप में – अन्य, निर्दिष्ट करें...	लागू नहीं	लागू नहीं
5.	अन्य, कृपया निर्दिष्ट करें	लागू नहीं	लागू नहीं
	कुल (क)	₹ 71.26	₹ 71.26
	अधिनियम के अनुसार अधिकतम सीमा	₹ 154.31	₹ 154.31

*अधिकारी की मूल कंपनी से प्राप्त वास्तविक डेबिट नोट्स के आधार पर

ख. अन्य निदेशकों को पारिश्रमिक

क्र.सं	पारिश्रमिक के ब्यौरे	निदेशक का नाम		कुल राशि (₹ लाख में)
	1. स्वतंत्र निदेशक	-	-	-
	• बोर्ड समिति बैठकों में भाग लेने हेतु शुल्क • कमीशन • अन्य, कृपया निर्दिष्ट करें	-	-	-
	कुल (1)	-	-	-
	2. अन्य गैर–कार्यकारी निदेशक			
	• बोर्ड समिति बैठकों में भाग लेने हेतु शुल्क • कमीशन • अन्य, कृपया निर्दिष्ट करें	-	-	-
	कुल (2)	-	-	-
	कुल (ख) = (1+2)	-	-	-
	कुल प्रबंधकीय पारिश्रमिक (क+ख)	₹ 71.26		
	अधिनियम के अनुसार अधिकतम सीमा	₹ 154.31		

ग. एमडी / प्रबंधक / डब्ल्यूटीडी के अतिरिक्त प्रमुख प्रबंधन कार्मिकों का पारिश्रमिक

क्र.सं	पारिश्रमिक के ब्यौरे	प्रमुख प्रबंधन कार्मिक			(₹ लाख में)
		सीईओ	सीएफओ*	कंपनी सचिव*	कुल राशि
1.	सकल वेतन (क) आय कर अधिनियम, 1961 की धारा 17(1) में समाविष्ट प्रावधानों के अनुसार वेतन (ख) आय कर अधिनियम, 1961 की धारा 17(2) के अनुसार अनुलाभ का मूल्य (ग) आय कर अधिनियम, 1961 की धारा 17(3) के अनुसार वेतन के एवज में लाभ	पहले ही तालिक में क्रम सं. ए में कवर किया जा चुका है।	₹ 70.79 (क+ख+ग)	₹ 50.54 (क+ख+ग)	₹ 121.33
2.	स्टॉक विकल्प	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
3.	स्वेट इक्विटी	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
4.	कमीशन – लाभ के % के रूप में – अन्य , निर्दिष्टि करें...	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
5.	अन्य, कृपया निर्दिष्ट करे	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
	कुल		**₹ 70.79**	**₹ 50.54**	**₹ 121.33**

***अधिकारी की मूल कंपनी से प्राप्त वास्तविक डेबिट नोट्स के आधार पर**

VII. जुर्माना / दंड / शमन शुल्क का शमन

प्रकार	कंपनी अधिनियम की धारा	संक्षिप्त विवरण	लगाई गई जुर्माना / दंड / शमन शुल्क के ब्यौरे	प्राधिकरण (आरडी / एनसीएलटी / न्यायालय)	की गई अपील, यदि कोई हो (ब्यौरा दीजिए)
क. कंपनी					
जुर्माना	--	--	--	--	--
दंड	--	--	--	--	--
शमन	--	--	--	--	--
ख. निदेशक					
जुर्माना	--	--	--	--	--
दंड	--	--	--	--	--
शमन	--	--	--	--	--
ग. अन्य चूककर्ता अधिकारी					
जुर्माना	--	--	--	--	--
दंड	--	--	--	--	--
शमन	--	--	--	--	--

अनुलग्नक–ख

स्वतंत्र लेखा–परीक्षकों की रिपोर्ट

सेवा में सदस्यगण,

इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिर्जव्स लिमिटेड

वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा पर रिपोर्ट

विचार

हमने **इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व्स लिमिटेड** (कंपनी) के वित्तीय विवरणों का लेखा परीक्षण किया है, जिसमें दिनांक 31 मार्च 2019 के अनुसार इस तिथि को समाप्त हुए वर्ष के तुलन पत्र, लाभ और घाटे का विवरण (अन्य व्यापक आय सहित), इक्विटी में परिवर्तन संबंधी विवरण और नकद प्रवाह विवरण तथा महत्वपूर्ण लेखा नीतियों और अन्य व्याख्यात्मक जानकारी के सारांश सहित वित्तीय विवरणों के नोट शामिल हैं।

हमारे मतानुसार व हमारी श्रेष्ठ जानकारी के अनुसार और हमें प्रदान किए गए स्पष्टीकरण के अनुसार, उपरोक्त वित्तीय विवरण द्वारा अपेक्षित जानकारी इस प्रकार से प्रदान की गई है जैसी कि वह कंपनी अधिनियम, 2013 (''अधिनियम'') में अपेक्षित है और यह दिनांक 31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार, कंपनी के मामलों के लिए संशोधित (''इंड एएस'') किए गए कंपनी नियम (भारतीय लेखांकन मानक) 2015 और भारत में सामान्यता स्वीकृत अन्य लेखा सिद्धांतों के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखांकन मानकों के संदर्भ में हानि, इक्विटी में परिवर्तन और वर्ष के लिए समाप्त नकद प्रवाह का एक सही व निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है।

विचारों का आधार

हमारे द्वारा अधिनियम की धारा 143 (10) के तहत निर्दिष्ट लेखा परीक्षण मानकों (एसए) के अनुसार वित्तीय विवरणों का लेखा परीक्षण किया गया। हमारे दायित्व उन मानकों के तहत लेखा परीक्षा के लिए हमारी रिपोर्ट के वित्तीय विवरण संबंधी खंड के पश्चात लेखा परीक्षक के दायित्व में उल्लिखित किए गए हैं।

हम उन प्रासंगिक नैतिक आवश्यकताओं के साथ साथ भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान द्वारा जारी आचार संहिता के अनुसार कंपनी से स्वतंत्र हैं जो कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों और इसके तहत निर्मित नियमों के तहत, वित्तीय विवरणों के हमारी लेखा परीक्षा के अनुसार प्रासंगिक हैं, तथा हमने इन अनिवार्यताओं और आचार संहिता के अनुसार, अपने अन्य नैतिक दायित्वों का निर्वाह किया है। हम मानते हैं कि हमने जो लेखा परीक्षा संबंधी साक्ष्य प्राप्त किए हैं, वे वित्तीय विवरणों पर हमें अपनी विचारधारा प्रस्तुत करने के लिए एक आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त हैं।

प्रबंधन के दायित्व और वे जो एकल वित्तीय विवरणों के संदर्भ में संचालन व्यवस्था से प्रभारित हैं

कंपनी का निदेशक मंडल, अधिनियम की धारा 134 (5) के अंतर्गत उन वित्तीय विवरणों को तैयार करने से संबंधित उल्लिखित मामलों के लिए उत्तरदायी है, जो वित्तीय स्थिति, वित्तीय प्रदर्शन, इक्विटी में परिवर्तन और इंड एएस के अनुसार कंपनी के नकद प्रवाह और इस अधिनियम की धारा 133 के तहत निर्दिष्ट लेखांकन मानकों सहित सामान्यंता भारत में स्वीकृत अन्य लेखा सिद्धांतों के प्रति एक सत्यनिष्ठ विवरण प्रदान करते हैं। इस दायित्व् के अंतर्गत कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा के लिए और धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं को

रोकने और ज्ञात करने के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखांकन रिकॉर्ड का रखरखाव करना; उचित लेखांकन नीतियों का चयन और अनुप्रयोग; निर्णयों और अनुमानों का निर्धारण करना जो उचित और विवेकपूर्ण हों; और पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की रूपरेखा तैयार करना, उनका कार्यान्वयन और रखरखाव, जो कि लेखांकन रिकॉर्ड की सटीकता और पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी ढंग से कार्यान्वित हों, जो उन वित्तीय विवरण तैयार करने और प्रस्तुति के लिए प्रासंगिक हों, जो एक सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रदान करते हों, और वास्तविक मिथ्याकथन से मुक्त होते हों, चाहे वह धोखाधड़ी अथवा त्रुटि के कारण हों, भी शामिल हैं।

इन वित्तीय विवरणों को तैयार करने के लिए प्रबंधन, कंपनी को संस्थान के रूप में चालू रखने की क्षमता का आकलन करने, लागू प्रकटीकरण, चालू कंपनी से संबंधित मामले तथा चालू कंपनी से संबंधित लेखांकन के उपयोग के लिए उत्तरदायी है, जब तक कि प्रबंधन कंपनी का परिसमापन करने अथवा प्रचालनों को स्थगित करने के लिए अभिच्छित है अथवा उसके पास ऐसा करने से संदर्भित किसी प्रकार का वास्तविक विकल्प नहीं है परंतु उसे यह करना है।

वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा से संदर्भित लेखा परीक्षक के दायित्व

हमारा उद्देश्य, इस संदर्भ में उचित आश्वासन प्राप्त करना है कि क्या वित्तीय विवरण और लेखा परीक्षक की रिपोर्ट को जारी करने के लिए, जिसमें हमारा मत भी शामिल है वे पूर्णत्या वास्तविक रूप से मिथ्या कथन से मुक्त हैं, चाहे यह कथन धोखाधड़ी अथवा त्रुटि के कारण हो। उचित आश्वासन का तात्पर्य उच्च स्तरीय आश्वासन से है, परंतु यह एक गारंटी नहीं है कि एसएज़ के अनुसार किए गए लेखा परीक्षण द्वारा इसमें सम्मिलित वास्तविक मिथ्यौकथन सदैव ज्ञात हो पाएगा, जो भी उसमें सम्मिलित हो। यह मिथ्याकथन, धोखाधड़ी अथवा त्रुटि द्वारा उत्पन्न हो सकते हैं और इन्हें वास्तविक माना जाता है यदि, व्यक्तिगत रूप से अथवा कुल मिलाकर, वे इन वित्तीय विवरणों के आधार पर उपयोगकर्ताओं के आर्थिक निर्णयों को प्रभावित करने के लिए यथोचित रूप से अपेक्षित हों। इस लेखा परीक्षण रिपोर्ट के **''अनुलग्नक क''** का अवलोकन करें।

अन्य कानूनी और विनियामक अनिवार्यताओं से संबंधित रिपोर्ट

1 भारत की केंद्रीय सरकार के द्वारा जारी किया गया, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 की उप धारा (11) के अनुसार कंपनी (लेखा परीक्षक रिपोर्ट) आदेश, 2016 (आदेश) की अनिवार्यता के संदर्भ के आदेश में पैरा 3 और 4 में निर्दिष्ट मामलों पर एक विवरण को लागू सीमा तक हमने **''अनुलग्नक ख''** में संलग्न किया है।

2 अधिनियम की धारा 143 (3) के अनुसार, जैसा भी अनिवार्य है, हम सूचित करते हैं किः

(क) हमने उन सभी सूचनाओं और स्पष्टीकरणों की मांग व प्राप्त की हैं, जो हमारे श्रेष्ठ ज्ञान और विश्वास के अनुसार लेखा परीक्षा के उद्देश्यों के लिए आवश्यक थे।

(ख) हमारी राय में, इन बहियों की हमारी लेखा–परीक्षा से प्रतीत होता है कि कंपनी ने कानूनी रूप से अपेक्षित समुचित लेखा बहियों का अनुरक्षण किया है।

(ग) इस रिपोर्ट से संबधित तुलन–पत्र, लाभ एवं हानि खाता और नकदी प्रवाह विवरण तथा इक्विटी में परिवर्तनों का विवरण लेखा–बहियों के अनुरूप है।

(घ) हमारी मतानुसार, उक्त वार्षिक वित्तीय विवरण, कंपनी (लेखा) नियम 2014 के नियम 7 के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 के अंतर्गत निर्दिष्ट लेखांकन मानकों का अनुपालन करते हैं।

(ड़) निदेशकों से प्राप्त लिखित अभ्यावेदनों, जिन्हें निदेशक मंडल द्वारा 31 मार्च, 2019 के अनुसार रिकार्ड में लिया गया था, के आधार पर कोई भी निदेशक अधिनियम की धारा 164(2) के अनुसार 31 मार्च, 2019 को निदेशक के रूप में नियुक्त किए जाने से अपात्र नहीं हैं।

(च) कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और ऐसे नियंत्रणों की प्रचालन प्रभावोत्पादकता के संबंध में **'अनुलग्नक–ग'** में हमारी पृथक रिपोर्ट के संदर्भ लें।

(छ) संशोधित किए गए अधिनियम की धारा 197 (16) की आवश्यकताओं के अनुसार लेखा परीक्षक रिपोर्ट में शामिल किए जाने योग्य अन्य मामलों के संबंध में।

हमारी राय में और हमारी सर्वोत्कृष्ठा जानकारी के अनुसार और हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार, वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा अपने निदेशकों को पारिश्रमिक संबंधी किया गया भुगतान अधिनियम की धारा 197 के प्रावधानों के अनुसार है।

(ज) कंपनी (लेखा परीक्षण व लेखा परीक्षक) नियम, 2014 के नियम 11 के अनुसार लेखा परीक्षक रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले अन्य मामलों के संदर्भ में, हमारे मतानुसार तथा हमारी सर्वोत्कृष्ठ जानकारी के अनुसार तथा हमें प्राप्त स्पष्टीकरण के अनुसारः

1 कंपनी द्वारा अपने इंड एएस वित्तीय विवरणों में अपनी वित्तीय स्थितियों पर लंबित मुकदमों के प्रभाव को प्रकट किया है।

2 कंपनी के व्युत्पन्न अनुबंधों सहित किसी भी प्रकार के दीर्घकालिक अनुबंध नहीं थे, जिसके लिए किसी भी प्रकार के भौतिक पूर्वानुमान वाली हानियां हों।

3 कंपनी द्वारा निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि में हस्तांतरित किए जाने योग्य किसी प्रकार की राशि नहीं थी।

अधिनियम की धारा 143 (5) के तहत सी एंड एजी के निर्देशानुसार, हम संसूचित करते हैं किः

क कंपनी के पास सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली के माध्यम से सभी प्रकार के लेखांकन लेनदेनों को संसाधित करने की व्यवस्था स्थापित है।

